# कुलबहरा नदी में धड़ल्ले से चल रहा अवैध रेत खनन

## खनिज अधिकारी पर लगा संरक्षण देने का गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 26 फरवरी, ब्लाक के ग्राम बीसापुरकला समीपस्थ कुलबहरा नदी में रेत का कारोबार जारी है। अवैध परिवहन करने वालों पर स्थानीय और जिला प्रशासन मेहरबान है। क्षेत्र की नदी से खुलेआम धड़ल्ले के साथ अवैध रेत उत्खनन और परिवहन कर ऊंचे दरों में विक्रय किया जा रहा है।**



ज्ञात हो कि बीसापुरकला, कुकड़ाकिरार,बीसापुरखुर्द से भारी मात्रा में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन का कार्य विगत कई महीनों से रुक रुक कर जारी है। जिम्मेदार विभाग की चुप्पी से रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इस अवैध कारोबार से राजस्व विभाग को तो चूना लग ही रहा है, साथ ही क्षेत्र की नदी से रेत भी गायब होती जा रही है। इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बावजूद वे चुप्पी साधे हुए हैं, शिकायतें होने पर प्रशासन द्वारा एक-दो ट्रैक्टर को पकड़ लिया जाता है।किंतु रेत से जुड़े माफियाओं कोई कार्रवाई नहीं होती, जिसके चलते अवैध रेत उत्खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जानकारी के मुताबिक अवैध रेत उत्खनन करने वालों की राजनीतिक व प्रशासनिक पकड़ होने के कारण अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर दबाव बना रहता है, कोई जनप्रतिनिधि की बताता है, तो कोई प्रशासनिक अधिकारियों की आड़ में उत्खनन करने में लगे हुए हैं।

### पंचायतो के निर्माण कार्यों में खफाई जा रहे रेत

इधर ग्राम पंचायतो में होने वाले निर्माण कार्यों में रेत माफियाओं द्वारा जमकर रेत खफाई जा रही है ।दरअसल पंचायत इन रेत माफियाओं से सेटिंग कर कम दामो में रेत कि खरीदी कर चहेतो मटेरियल सपलायरो से रामाकोना की रेत का दोगुना बिल बनाकर जमकर चांदी काटी जा रही है.कमीशनखोरी के खेल में सरपंच-सचिव अपनी जेबे गर्म कर रहे है।

### खनिज विभाग की भूमिका सवालों के घेरे में

पूरे क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि खनिज विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से ही यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का स्पष्ट आरोप है कि खनिज अधिकारी अमित मिश्रा को इस पूरी गतिविधि की जानकारी है, लेकिन शिकायतों के बावजूद वे कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। अधिकारियों की यह खुली छूट ही रेत माफियाओं के हौसले बुलंद कर रही है।

# रासेयो का सात दिवसीय आवासीय शिवर का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

**चौरई, 26 फरवरी, कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय चौरई राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय आवासीय शिवर ग्राम थावरी में आयोजित हुआ यह शिवर दिनांक 19/2/2026से 25/2/2026 तक प्राचार्य डॉ एन के शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।**

शिवर में प्रथम दिवस से स्वयं सेवकों ने ग्राम में स्वच्छता अभियान, संक्रामक बीमारियों से बचाव, मतदाता जागरूकता अभियान, ग्राम के तालाब में सफाई कार्य, ग्राम में स्वयं सेवकों श्रम शक्ति के रुप में ग्राम में नाली निकासी जैविक खेती का परामर्श ग्रामवासियों को दिया गया इस हेतु ग्राम सरपंच का सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। शिविर में अंतिम दिवस समापन कार्यक्रम पर आमंत्रित अतिथियों में छबील ठाकुर एवं तीरथ सिंह ठाकुर एवं महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा सभी स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन के शुक्ला तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी आर आर सनोडिया द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ एवं छात्र छात्राएं एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# मोहखेड़ विकासखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़कें खराब

## नहीं हो रही मरम्मत, आवागमन प्रभावित

नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 26 फरवचरी, मोहखेड विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रो की प्रधानमंत्री सड़के खराब हो चुकी हैं। लेकिन इनकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। जिससे एक ओर जहां वाहन चालक परेशान हैं वहीं स्थानीय लोगों को भी आवागमन में दिक्कत हो रही है।**



बता दे ग्राम सिमरियाकला-पालाखेड़ पहुंच मार्ग जोकि नागपुर-छिंदवाड़ा को जोडने वाली ग्रामीण प्रधानमंत्री सड़क है।इन दिनो से सोहागपुर से रजाडा तक सड़के खस्ताहाल हो चुकी है.सड़क की हालत अत्यंत खराब है। पूरे मार्ग में केवल गड्ढे एवं गिट्टियां दिख रही है। जिससे वाहनों का आवागमन कम हो गया है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रो कि विभिन्न गांवो के पहुंच मार्ग प्रधानमंत्री सड़क की हालत भी जर्जर हो चुकी है। यहां पर सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो चुके हैं। परंतु विभाग द्वारा इस मार्ग की अनदेखी हो रही है। जिससे आम जनता को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जिससे एक ओर जहां वाहन चालक परेशान हैं वहीं स्थानीय लोगों को भी आवागमन में दिक्कत हो रही है।बता दे ग्राम सिमरियाकला-पालाखेड़ पहुंच मार्ग जोकि नागपुर-छिंदवाड़ा को जोडने वाली ग्रामीण प्रधानमंत्री सड़क है।इन दिनो से सोहागपुर से रजाडा तक सड़के खस्ताहाल हो चुकी है.सड़क की हालत अत्यंत खराब है। पूरे मार्ग में केवल गड्ढे एवं गिट्टियां दिख रही है। जिससे वाहनों का आवागमन कम हो गया है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रो कि विभिन्न गांवो के पहुंच मार्ग प्रधानमंत्री सड़क की हालत भी जर्जर हो चुकी है। यहां पर सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो चुके हैं। परंतु विभाग द्वारा इस मार्ग की अनदेखी हो रही है। जिससे आम जनता को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### जिम्मेदार जिला प्रशासन का नहीं इस ओर ध्यान

बता दे बीते कुछ वर्ष से मोहखेड क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण अंचलो कई प्रधानमंत्री कि सड़के मेंटेनेंस के अभाव में खस्ताहाल हो रही है.जबकि पहले सड़को संधारण किया जाता था.किंतु बीते वर्षो से खस्ताहाल कि हुई सड़को लेकर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है ।ऐसा लगता है जिले में बैठे अधिकारियों कि उदासीनता का आलम है.

# सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 26 फरवरी, मोहखेड विकासखंड के शिवलालढाना गांव में सालकराम माहोरे-श्रीमती अनुसुइया माहोरे के निज निवास पर आयोजित 18 फरवरी से सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का 26 फरवरी गुरुवार को समापन हुआ।**




भागवत कथा में गीता व श्रीमद् भागवत कथा की व्याख्या, कथा वाचक के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण कि या। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा कि ए गए। विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया।इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास गांव के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरुष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया। प्रवचन के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सांसद विवेक बंटी साहू, भाजपा नेता अंकुर शुक्ला, पप्पू ठाकुर, संजय जैंन, रवि मालवी, मोहित माहोरे, गौतम माहोरे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सांसद की पहल पर अब हर विधानसभा में होगी औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 26 फरवरी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की मंशानुरूप अब छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले की सभी विधानसभाओं में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जायेगी।**

प्रधानमंत्री की इस मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में अब मध्यप्रदेश सहित छिंदवाड़ा जिले के चार विधानसभाओं में उद्योगों की स्थापना होने से जहां बेरोजगारों को रोजगार मिल सकेगा वहीं विकासखंड मुख्यालय में रोजगार के अवसर बढ़ने से यहां पर तीव्र गति से विकास हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा एवं पांढुणा जिले में उद्योगों की स्थापना को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू लगातार प्रयासरत है। दिल्ली एवं भोपाल प्रवास के दौरान सांसद श्री साहू इस संबंध में मंत्रियों और अधिकारियों से लगातार मुलाकात कर रहे है। अब सांसद बंटी विवेक साहू की पहल छिंदवाड़ा जिले के चार विकासखंडों का चयन उद्योगों की स्थापना के लिए किया गया है।

# बोरी माल में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आयोजन

नवभारत न्यूज

**अमरवाड़ा, 26 फरवरी,** नगर के समीपस्थ ग्राम बोरीमाल से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है जिसमें वृंदावन से आए हुए आचार्य हेमंत कृष्ण महाराज श्रीधाम बरसाना वाले के मुखागविन से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आयोजन हो रहा है जो की 22 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित होगा गांव के खेड़ापति माता मंदिर प्रांगण में यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक और रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक आयोजित हो रहे हैं जिसमें प्रतिदिन एक से बढ़कर एक झांकियां भी प्रस्तुत की जा रही है वही आयोजक परिवार सरपंच श्रीराम यादव सहित सभी ग्राम वासियों ने सभी क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया है



# स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष के पति ने हड़प ली समूह की राशि, महिलाओं ने की शिकायत

नवभारत न्यूज

**अमरवाड़ा, 26 फरवरी,** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम पौनार के ओम स्व सहायता समूह की महिलाओं ने अमरवाड़ा थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई है कि ओम स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि हमारे अध्यक्ष रममो के पति ललता यादव के द्वारा समूह के नाम से सेंट्रल बैंक से लिए लोन 175000 की राशि ले ली है और अब महिलाओं को वापस नहीं कर रहा है जिसकी वजह से महिलाओं को सेंट्रल बैंक पौनार से नोटिस प्राप्त हो रहे हैं और बैंक प्रबंधन के द्वारा महिलाओं के खाते को होल्ड लगाकर सभी महिलाओं से पैसे वसूल किया जा रहे हैं इसकी शिकायत महिलाओं ने अमरवाड़ा थाना एसडीएम और छिंदवाड़ा कलेक्टर को की है लेकिन उसके बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है महिलाओं ने बताया कि हमारे खाते में जो हमारे घर के पैसे थे वह सभी बैंक के द्वारा काट लिए गए हैं और लोन बंद कर दिया गया है लेकिन हमारे समूह के अध्यक्ष पति के द्वारा राशि नहीं दी जा रही है और यह राशि उन्होंने 2022 में निकली है और अभी 2026 तक 4 साल का ब्याज सहित पूरी राशि दिलवाने की मांग की है और वही अध्यक्ष पति के द्वारा धमकी दी जाती है जो जहां मेरी शिकायत करना है कर दो महिलाओं ने पैसे दिलाने की मांग की है।



# दातलालवादी पंचायत में लगा प्रवेश द्वार

## जाहिदा जारत खान की पहल




नवभारत न्यूज

**जुन्नारदेव, 26 फरवरी, नगर की सीमा से लगी हुई ग्राम पंचायत दातलावादी में लगातार विकास कार्यो को अमली जामा पहनाया जा रहा है इसी कड़ी में ग्राम पंचायत में प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य जनपद पंचायत सदस्य जाहिदा जारत खान एवं ग्राम सरपंच सोनाली सरेयाम के सहयोग से लगाया गया।**

इसके पूर्व भी जनपद सदस्य जाहिदा जारत खान के नेतृत्व में नाली निर्माण, सड़क निर्माण और स्ट्रीट लाइट जैसे काम तेजी से पूरे किए गए है। वर्तमान में दातला मुख्य मार्ग पर भव्य प्रवेश द्वार स्थापित किया गया है और चौराहों पर हाई मास्ट लाइट लगाए जाने से पूरे क्षेत्र की रौनक बढ़ गई है। ग्रामीणों में इसे लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इन विकास कार्यों के पीछे पूर्व जिला पंचायत सदस्य और जनपद सदस्य जारत खान की लंबे समय से चली आ रही सक्रियता और मार्गदर्शन भी बड़ा कारण है, वे वर्षों से क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते आए हैं और विकास के मुद्दों को लगातार उठाते रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार अब क्षेत्र में लगातार हो रहे कार्यों से दातलावादी की पहचान बदलती नजर आ रही है।

## 2 मरीजों को मिली 90 हजार की आर्थिक सहायता राशि

**छिंदवाड़ा।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद बंटी विवेक साहू से संपर्क कर बिमारी के लिए आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू भी सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है। वर्तमान में सांसद श्री साहू के प्रयासों से 2 मरीजों को 90 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हुई है। उक्त राशि मिलने से तीनों मरीजों का बेहतर ईलाज हो सकेगा। उल्लेखनिय है कि सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से सहायता राशि दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है।

# सेंट्रल बैंक जुन्नारदेव द्वारा पहली पायरी मंदिर में भेंट किया गया वाटर आरो इंस्टॉल

नवभारत न्यूज

**जुन्नारदेव, 26 फरवरी, नगर की आस्था का विशेष केंद्र पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला मंदिर में श्रद्धालुओं के शुद्ध पेयजल हेतु सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जुन्नारदेव द्वारा 25 फ़रवरी बुधवार को वाटर आरो इनस्टॉल भेंट किया गया।**

सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा क्षेत्रीय प्रमुख कुमार उत्कर्ष के द्वारा स्वीकृत आरो वाटर फिल्टर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा जुन्नारदेव के शाखा प्रबंधक कुलदीप कुमार चंदन एवं बैंक कर्मचारी नरेश अतकरे एवं समस्त स्टाफ द्वारा श्री भोलेनाथ सेवा समिति धार्मिक न्यास को यह भेंट प्रदान की गई। इस दौरान समिति के अमरदीप राय, संतोष सोनी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। अब मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को सेंट्रल बैंक के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्राप्त होगा। धार्मिक न्यास एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने सेंट्रल बैंक जुन्नारदेव द्वारा दिए गए उपहार के लिए उन्हें धन्यवाद दिया है।



# शांति एवं सद्भाव से मनाए जाएंगे त्यौहार, कैमरे से होगी पैनी नजर

नवभारत न्यूज

**तामिया, 26 फरवरी, आगामी दिनों में शांतिपूर्ण सद्भाव एवं हर्ष उल्लास से सभी त्योहारों को मानने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। होली और रमजान को लेकर पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि होली भाईचारे का पर्व है।**



हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। नशेड़ी और शराब कारोबारियों पर सख्त कार्रवई होगी। अश्लील और फूहड़ गानों के साथ डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। अफवाहें से बचने की अपील की गई। रमजान का पाक महीना शुरू हो चुका है। रोजेदारों का पूरा ख्याल रखना होगा। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान में बाधा बर्दास्त नहीं होगी। दोनों समुदायें के लोग हमेशा भाईचारे और सद्भाव के साथ रहते आए हैं। बैठक में नायब तहसीलदार प्रकाश परते थाना प्रभारी आशीष जेतवार जामा मस्जिद के प्रतिनिधि जनपद सामुदायिक के प्रतिनिधि पत्रकार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री अधोसंरचना की राशि से नगर में हो रहे गुणवत्ता हिन कार्यों को लेकर नगर वासियों में आक्रोश

## जागरूक लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

**पांढुरना, 26 फरवरी, नगर के जय स्तंभ चौक,गुरुदेव एवं टेकडी वार्ड नगर पालिका द्वारा जिस अर्णव कंपनी के ठेकेदार के माध्यम से सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है,यह कार्य अत्यंत गुणवत्ताहीन कार्य से किए जाने की नपा के विपक्षी कांग्रेस पार्षदों के द्वारा विधिवत शिकायत के बाद भी नपा के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं किए जाने से आहत इन वार्डो के लोगों ने आज जिला कलेक्टर को हस्ताक्षरयुक्त शिकायत पत्र सौंपते हुए इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है ।**



गौरतलब हो कि नगर पालिका द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना अंतर्गत करोड़ों रुपयों की राशि के निर्माण कार्य कराने का छिंदवाड़ा की अर्णव कंपनी द्वारा ठेका लिया गया है,लेकिन इस ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे अधिकांश कार्य गुणवत्ताहीन होने के कारण निर्माण कार्य के दौरान हीं टूट फूट रहे है,यहां तक की वर्तमान में जय स्तंभ चौक के पास लगाए जा रहे पेवर ब्लांक के गुणवंताहिन मानकों के पाए जाने पर यहां के जागरूक लोगों द्वारा जमकर हंगामा करने पर विभाग के अधिकारियों द्वारा यहां पहुंचकर लोगों को इस कार्य को बंद कर पूरी गुणवंत्ता के साथ कार्य कराए जाने की बात कहीं थी ।

लेकिन इसके बावजूद अनवरत रूप से इस निम्न क्वालिटी के पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे है,जिसे देख बीते दिनों नपा के विपक्षी दल कांग्रेस के पार्षदों ने नपा उपाध्यक्ष ताहिर अहमद पटेल के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौप इसकी जांच कराने की मांग की गई थी,वहीं आज गुरूवार को भी इस वार्ड के जागरूक लोगों ने जिला कलेक्टर के नाम नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंप अर्णव कंपनी द्वारा कराए जा रहे सभी कार्यों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग का पत्र सौंपा है ।